Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to give compensation and rehabilitate the displaced land holders by Singarani Collieries Comapany LImitated (SCCL).

श्रीमती ज्योत्स्ना चरणदास महंत (कोरबा): सभापति महोदय, मैं कोरबा लोक सभा संसदीय क्षेत्र, छत्तीसगढ़ से आती हूं जो 'ऊर्जा धानी' के नाम से प्रसिद्ध है । देश को लगभग 120 मिलियन टन कोयला अकेला कोरबा देता है ।

वहाँ एससीसीएल की जो खदानें हैं, उनके जो भू-स्थापित लोग हैं, वे अभी तक पिछले 20 वर्षों से न्याय का इंतजार कर रहे हैं । उनको न नौकरी मिली है, न मुआवजा मिला है और न ही उनका पुनर्वास हुआ है । वह पिछले 20 सालों से लगातार एससीसीएल से माँग कर रहे हैं, लेकिन उनकी माँगे सुनी नहीं जा रही है । मैंने यह विषय कोयला मंत्री जी के संज्ञान में लाया था । मैं आपके माध्यम से उन्हें पुन: याद दिलाना चाहती हूँ कि यहाँ जो सीएसआर मद है, उसका भी ठीक तरीके से लाभ नहीं मिल पा रहा है । वहाँ स्वास्थ्य, सफाई और सड़क की समस्या वैसे ही बनी हुई है । वहाँ अस्पतालों में न तो डॉक्टर्स हैं, न ही नर्सेस हैं, न सिटी स्कैन मशीन है, न अल्ट्रासाउण्ट मशीन है । हमारे कर्मचारियों को वहाँ से दूर जाना पड़ता है और अपने खर्चे से इलाज करवाना पड़ता है ।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से मंत्री जी से निवेदन है कि उन भूमि पुत्रों को उनका मुआवजा और पुनर्वास दिया जाए ।